प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में 70वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। ये पुरस्कार वर्ष 2022 के लिए दिए जाएंगे। इस अवसर पर विख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री

शिमला के गेयटी थियेटर में आज राज्यस्तरीय वन्य प्राणी सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। 2 अक्तूबर से शुरू हुए इस सप्ताह के दौरान पर्यावरण और पक्षियों के संरक्षण पर बल दिया गया और लोगों को इसके प्रति जागरूक किया गया। समापन समारोह में आज मुख्यमंत्री विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेने वाले लोगों को सम्मानित करेंगे और प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

डाक सप्ताह

भारतीय डाक विभाग द्वारा राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बीते कल से शुरू हुआ यह आयोजन आगामी 11 अक्तूबर तक चलेगा। डाक सप्ताह के पहले दिन डाक विभाग ने प्रदेश के सभी मंडलों में अपने प्रमुख ग्राहक समूहों के साथ बैठकें कीं और उन्हें नई योजनाओं की जानकारी दी। इसी कड़ी में आज डाक टिकट संग्रह दिवस, 9 अक्तूबर को विश्व डाक दिवस, 10 अक्तूबर को अंत्योदय दिवस और 11 अक्तूबर को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया जाएगा। डाक सेवाएं हिमाचल परिमंडल के निदेशक बिशन सिंह ने बताया कि डाक सप्ताह के दौरान विभाग की सेवाओं के प्रचार–प्रसार के कार्य व राजस्व अर्जन की वृद्धि पर ज़ोर दिया जाएगा।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के छठें दिन आज मॉं दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य धार्मिक स्थलों में श्रद्धालु सुबह से ही पूजा–अर्चना कर रहे है। नवरात्र के उपलक्ष्य में सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है और धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।

मतगणना

हरियाणा और जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। शुरूआती रूझानों में हरियाणा में कांग्रेस के प्रत्याशी ज्यादातर सीटों पर भाजपा से आगे चल रहे हैं। वहीं जम्मू–कश्मीर के शुरूआती रूझानों में भाजपा और जे.के.एन.सी. के बीच कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में सुचारू मतगणना के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं। हरियाणा में वोटों की गिनती के लिए 22 जिलों में 90 मतगणना केन्द्र बनाए गए हैं। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए पांच अक्तूबर को मतदान हुआ था। परिणामों से एक हजार 31 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। वहीं जम्मू–कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों के लिए तीन चरणों में 18 व 25 सितंबर और पहली अक्तूबर को मतदान हुआ था। जम्मू–कश्मीर में आठ सौ 73 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। केन्द्र शासित प्रदेश में 28 मतगणना केन्द्र बनाए गये हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मौसम साफ बना हुआ है, हालांकि न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार मध्यम और उच्च पर्वतीय जिलों के कुछ स्थानों में आज बारिश की संभावना है। विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आगामी 10 अक्तूबर तक कुछ स्थानों पर बारिश का अनुमान जताया है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–पठानकोट से भरमौर के रास्ते चीन सीमा तक आसानी से पहुंच सकेगी सेना–बीआरओ बनाएगा चंबा होते हुए लेह के लिए वैकल्पिक सड़क। जबकि दैनिक जागरण के शब्द हैं–लेह तक पहुंचने के लिए बनेगा वैकल्पिक मार्ग, 200 किलोमीटर कम होगी दूरी। पंजाब केसरी ने राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के हवाले से लिखा है–हिमाचल की सीमा में चीन के ड्रोन कर रहे रैकी। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–पहाड़ी राज्यों को एकजुट करेगा हिमाचल–भूस्खलन से होने वाले नुकसान पर ज्यादा राहत पाने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने भेजे पत्र।

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री के बयान को सुर्खी दी है–केंद्र सरकार से खैरात नहीं अपना हक मांग रहे। वहीं आपका फैसला लिखता है–राज्यों के टैक्स से ही केंद्र के पास आता है पैसा। पंजाब केसरी का कहना है–नड्डा के बयान पर बिफरे सीएम–कहा–कांग्रेस से भाजपा में गए नेताओं से सलाह लेना बंद करें।

अमर उजाला की एक खबर है—ठेकेदारों की सिक्योरिटी राशि का 90 फीसदी ब्याज लेगा केंद्र।

एचपीटीडीसी के 1 हजार 800 कर्मचारियों को नहीं मिला सितंबर का वेतन, यह हफ्ता भी इंतजार में गुजरेगा शीर्षक से खबर को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता दी है।

पंजाब केसरी की सुर्खी है—ओशिन शर्मा सहित 12 एचएएस अधिकारी बदले।